## चुनावों को लेकर फ्लैग मार्च निकाला

**लाडवा/ शिव लाल चालिया** : एस.डी.एम. लाडवा नसीब सिंह ने बताया कि 76 मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव करवाने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। इस बात को ध्यान में रखते हुए लाडवा क्षेत्र के गांवों में एस.डी.एम. और डीएसपी. ने फ्लैग मार्च निकाला। इस समय जय सिंह डीएसपी भी मौजूद रहे हैं। उप मंडल मैजिस्ट्रेट नसीब सिंह लाडवा ने दैनिक उत्तम हिन्दू को बताया कि लाडवा क्षेत्र में हर हालत में कानून और व्यवस्था को नियंत्रण में रखने के लिए हमने मिल कर कार्य किया है उम्मीद है कि मतदान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न होगा।

# झोलाछाप डॉक्टर की दवा से मासूम की मौत

## मैडीकल स्टोर की आड़ में चला रहा था क्लीनिक

**तरावड़ी/वीरेंद्र जांगड़ा**

तरावड़ी के निकटवर्ती गांव दरड़ में झोलाछाप डॉक्टर की गलत दवाई से 4 माह के बच्चे की सोमवार शाम को मौत हो गई। बच्चे की मौत के बाद ग्रामीणों और परिजनों ने गांव में जमकर हंगामा किया। हंगामे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मेडिकल स्टोर पर बैठे दो लड़कों को राउंडअप कर मामले की जांच शुरू कर दी। आज पुलिस ने बच्चे के शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं शिकायत के आधार पर मेडिकल स्टोर संचालक कंपाउंडर के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी।



जानकारी के अनुसार करनाल के एक निजी अस्पताल में काम करने वाले एक कंपाउंडर ने गांव दरड़ में मैडीकल स्टोर खोल रखा था। मैडीकल स्टोर की आड़ में यह झोलाछाप डॉक्टर क्लीनिक चला रहा था। मैडीकल स्टोर के पिछले हिस्से में दो बेड डाल रखे थे। जहां पर मरीजों को लेटा कर उन्हें ग्लूकोज व दवाइयां दी जाती थी। आरोपी ने स्टोर पर काम के लिए लड़कों को भी छोड़ा हुआ था। जो आरोपी कंपाउंडर से फोन पर बात करके मरीजों को दवाइयां देते थे। गांव दरड़ निवासी सन्नी ने बताया कि उसके बेटे को काफी दिनों से बुखार आ रहा था। जिसके चलते वह अपने बेटे को इलाज के लिए करनाल के निजी अस्पताल में लेकर गया। वहां पर कंपाउंडर उसे मिला और कहा कि यहां पर क्यों इतने पैसे खराब कर रहा है। तुम गांव में मेरे स्टोर पर चले जाओ वहां पर तुम्हारे बेटे का इलाज कर देंगे। जिससे वह उसकी बातों में आया गया और अपने बेटे का इलाज वहां पर करवाना शुरू कर दिया। तीन दिन इलाज करने के आरोपी ने उससे 6 हजार रुपए ले लिए।सन्नी ने बताया कि उसके बेटे को रविवार रात को तेज बुखार हो गया। सुबह झोलाछाप डॉक्टर से बात की तो उसने कहा की स्टोर पर चले जाओ में वहां से दवाइयां ले आना। इसके बाद जो दवा उसके स्टोर से उसे मिली वह उसने अपने बेटे को दी। कुछ देर बाद उसके बेटे के पेट में दर्द होने लगा। जिसके बाद दोबारा वह उसके मेडिकल स्टोर पर गया। वहां पर जो लड़के काम कर रहे थे उन्होंने आरोपी से फोन पर बात की। उसने लड़के को दूसरी दवाई देने को कहा।सन्नी ने बताया कि जब उसने 4 माह के बेटे को दोबारा दवा दी तो उसकी तबियत बिगड़ने लगी। आनन फानन में बेटे को वह सरकारी अस्पताल में लेकर आए, जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें जवाब दे दिया। इसके बाद वह समर को निजी अस्पताल में लेकर गए। वहां पर डॉक्टरों ने उसे मृतक घोषित कर दिया था। बच्चे की मौत की सूचना जब परिजनों को मिली तो वह गांव में मेडिकल स्टोर के बाहर पहुंचे और वहां पर हंगामा कर दिया। हंगामा होता देख और भी ग्रामीण वहां पर एकत्रित हो गए। देर रात को जब पुलिस को सूचना मिली तो पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को शांत करवाया।

# आज होगा 34 जिप उम्मीदवार और 93 पंचायत समिति उम्मीदवारों का भविष्य ईवीएम में कैद

## गांव वासी मतदान करके निभाए अपना कर्तव्य : एसडीएम

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद/दुग्गल**

जिला परिषद और पंचायत समिति के पदों पर आज मतदान होना है, जिसके चलते मंगलवार से जिला परिषद व पंचायत समिति पद के उम्मीदवारों का चुनाव प्रचार बंद हो गया है। हालांकि पंच व सरपंच पद के उम्मीदवार अपना चुनाव प्रचार कर सकते हैं। शाहाबाद ब्लॉक में जिला परिषद की 3 सीटों पर 34 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं। इनमें 23 पुरुष और 11 महिलाएं हैं। इसी प्रकार पंचायत समिति की भी 23 वार्ड में 93 उम्मीदवार खड़े हैं। इनमें भी 53 पुरुष और 40 महिलाएं हैं। बुधवार को जिला परिषद मतदान हेतु वार्ड नंबर 1 में 24 पोलिंग बूथ बनाए गए है, जबकि वार्ड 2 में 28 और वार्ड 3 में 24 पोलिंग बूथ बनाए गए है। इसके अलावा पंचायत समिति के मतदान हेतु अलग-अलग वार्ड में कुल 111 बूथ बनाए गए है। मगलवार को आर्य कन्या महाविद्यालय पार्क में सम्बंधित अधिकारियो को वार्ड के हिसाब से ईवीएम वितरित की गई है। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम कपिल शर्मा ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर पर्शासन की तयारी मुक्क़मल है।



बूथ अधिकारियों को ईवीएम वितरित करते प्रशासनिक अधिकारी।

***मतदाता अधिक से अधिक करे मतदान : एसडीएम***

एसडीएम कपिल शर्मा ने बताया की पंचायत राज संस्थाओं के आम चुनाव-2022 के तहत 9 नवंबर को जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्य पद के लिए चुनाव होगा। मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित किया गया है। मतदान केंद्रों पर अवांछित गतिविधि किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी। मतदान के दौरान शांति भंग करने करने या फिर बोगस वोटिंग आदि के आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने के आदेश पुलिस बल को दिए गए है। उन्होंने बताया कि मतदाता शांतिपूर्ण ढंग से मतदान में भागीदार बनें और प्रजातांत्रिक प्रणाली को मजबूत करें। मतदान प्रक्रिया लोकतांत्रिक प्रणाली में उत्सव की तरह होता है, इसे उत्सव की तरह ही मनाएं। कोई भी ऐसा कार्य न करें जिससे मतदान के दौरान शांति भंग हो और कानूनी कार्यवाही सामना करना पड़े। प्रशासन किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरतेगा।

***उम्मीदवारों को दिए गए आदेश***

एसडीएम ने बताया कि मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में केवल मतदाता अपने पहचान पत्र के साथ मतदान के लिए एंट्री कर सकेगा। उम्मीदवारों को कुर्सी, टेबल, शामियाना आदि मतदान केंद्र से बाहर 100 मीटर की दूरी पर लगाने होंगे, इसके लिए अधिकारियों द्वारा उम्मीदवारों को सूचित कर दिया गया है। गांव से बाहर का कोई भी व्यक्ति मतदान केंद्र के 200 मीटर के दायरे प्रवेश नहीं करेगा।

***पुलिस बल रहेगा तैनात***

कपिल शर्मा ने कहा कि सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। अतिसंवेदनशील, संवेदनशील बूथों के अतिरिक्त पुलिस अन्य बूथों पर भी सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। बोगस वोटिंग और मतदान केंद्र के आस-पास माहौल खराब करने वाले को तत्काल गिरफ्तार किया जाएगा। किसी भी सूरत में मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। पुलिस विभाग निरंतर इस संबंध में ग्रामीणों को जागरूक कर रहा है। चुनाव के दौरान गांव का भाईचारा और सौहार्द का माहौल खराब करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## वेदांता स्कूल में धूमधाम से मनाया गुरु पर्व

**नरवाना/नरेन्द्र जेठी** : वेदांता इंटरनैशनल स्कूल कलौदा खुर्द में आज गुरु पर्व धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों को गुरु नानक देव जी के जीवनचरित्र से संबंधित डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों में इसको ध्यान पूर्वक देखा व सुना। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन रवि श्योकन्द, डायरेक्टर प्रदीप नैन व प्रधानाचार्या वीना डारा उपस्थित रहे। प्रधानाचार्या ने इस दिन का महत्व विद्यार्थियों को समझाते हुए बताया कि गुरु नानक देव जी के जन्म दिवस के उपलक्ष में गुरु पर्व मनाया जाता है। इसे प्रकाश पर्व भी कहा जाता है। सिखों के प्रथम गुरु गुरु नानक देव जी को इस दिन ज्ञान की प्राप्ति हुई थी व उन्होंने ही सिख धर्म की स्थापना भी की थी। डायरेक्टर प्रदीप नैन ने विद्यार्थियों से कहा कि हमें गुरु नानक देव जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों का विरोध करने के साथ-साथ मूर्ति पूजा का भी खंडन किया। एकेश्वरवाद में विश्वास करते थे। वे एक महान पुरुष व महान धर्म-प्रवर्तक थे।



## डिवाइन पब्लिक स्कूल में गुरुपर्व की धूम

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद/दुग्गल** : डिवाइन पब्लिक स्कूल में श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक गुरदीप सिंह हेयर ने गुरु नानक देव जी के स्वरूप पर पुष्प अर्पित कर की। गुरदीप सिंह हेयर ने सभी को गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की बधाई देते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हम सबको गुरुओं द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलना चाहिए और उनके द्वारा दिए गए उपदेशों को अपनाकर अपना जीवन यापन करना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल के छात्रों ने गुरु नानक देव जी की महिमा का गुणगान शब्द कीर्तन कर किया। इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्या राजेंद्र खुब्बड़ व सह प्राचार्य मनीष मलिक ने भी सभी छात्रों को गुरु पर्व की बधाई दी।

## अल्पाइन पब्लिक स्कूल में गुरु पर्व के उपलक्ष्य में शब्द गायन आयोजित

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद/दुग्गल** : अल्पाइन पब्लिक स्कूल में गुरु पर्व के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का आरंभ करते हुए विद्यालय की अध्यापिका जसमीत कौर ने विद्यार्थियों को गुरु नानक देव जी के जीवन, उनकी शिक्षाएं एवं संदेश के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी ने कहा था कि इंसानियत का धर्म सबसे बड़ा धर्म है। मनुष्य को हमेशा मेहनत करके, बांटकर खाना चाहिए। उन्होंने गुरु नानक देव जी के संदेश की मुख्य बातें मेहनत करना,बांटकर खाना, सिमरन करना, सेवा करना आदि के बारे में बताया । कक्षा 12वीं की छात्रा जसमीत ने गुरु नानक देव के जीवन से संबंधित %सच्चे सौदे% की कहानी बता कर जीवन में इससे प्रेरणा लेने के बारे में बताया । कक्षा प्रथम के छात्र जुझार वीर ने फ्र्बहन नानकी दा वीर फ्र्शब्द सुना कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया । कक्षा सातवीं, आठवीं के विद्यार्थियों हरगुन, प्रभनूर, तमन्ना, अनुष्का, आशु, विनय, गुरु राज ने भी शब्द प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्रिंसिपल दीपक सिंघल ने सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को गुरु पर्व की बधाई दी। इस मौके पर विद्यालय की कोऑर्डिनेटर प्रोमिला, विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी सतीश बत्तरा, शैली, प्रीति, किरण, अंजू, रेनू, मनप्रीत, प्रिया, सुमन, पूनम, मीनू, ज्योति शर्मा, वीना, भावना, कमनीत कौर, शालू, दीपिका, अन्नू, मनीषा, गीतिका, दिव्या, नेहा, हर्षवर्धन, गगन मदान, कुलविंदर, मनु, सीमा, सीमा संधू, रजत, संजीव, पूजा, अर्शदीप, सपना, रजनी, हरमन, प्रिया एवं राकेश मौजूद रहे।

# चंडीगढ़-हिसार राष्ट्रीय मार्ग पर धुंध कारण हादसा

## आपस में टकराई रोडवेज, पुलिस और निजी बस

**कलायत/रणबीर राणा**

कलायत क्षेत्र ने मंगलवार गहरी धुंध की गहरी चादर ने आम जन जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। चंडीगढ़-हिसार राष्ट्रीय मार्ग 152 पर गांव शिमला बस अड्डा पर सुबह करीब 9 बजे दो सरकारी और एक निजी बस आपस में टकरा गई। इस हादसे में तीन बसों के शीशे टूट गए। गनीमत रही कि इस गंभीर दुर्घटना के दौरान बसों में सवार यात्रियों और पुलिस जवानों को किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचा। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिमला बस अड्डे पर हरियाणा रोडवेज की सरकारी बस हिसार से चंडीगढ़ जा रही थी। इसके पीछे दूसरी निजी बस नरवाना से कैथल की तरफ जा रही थी। तीसरी बस हरियाणा पुलिस की थी। जो हिसार से करनाल के लिए निकली थी। हरियाणा रोडवेज बस के चालक को गांव शिमला के पास कुछ नजर नहीं आया। संभावित हादसे के मद्देनजर उसने ब्रेक लगाए तो पीछे से आ रही दोनो बसें एक-एक करके आपस में टकरा गई। संपूर्ण कलायत क्षेत्र सुबह से ही धुंध की चपेट में रहा। सुबह 10 बजे तक राष्ट्रीय मार्ग पर जीरो दृश्यता रही। इक्का-दुक्का वाहन मार्ग पर रेंगते नजर आए। सुरक्षित यात्रा के मद्देनजर वाहन चालक एक दूसरे के पीछे चलकर अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचने की जुगत में थे। कार्तिक माह में पहली बार इस कदर गहरी धुंध छाई। सुबह 10 बजे के बाद चली हवाओं से धुंध धीरे-धीरे छंटनी शुरू हुई। लेकिन फिर भी दिन भर सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए।




# रोटरी क्लब आफ रोहतक सफायर ने खाद्य सामग्री बांटी




**रोहतक/सुकरमपाल**

रोटरी क्लब आफ रोहतक सफायर द्वारा आयोजित इन्दिरा कॉलोनी में स्थित कोढ़ी आश्रम में रह रहे 40 कोढ़ी परिवारों को खाद्य सामग्री के पैंकट वितरित किए गए। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया इस प्रोजेक्ट में काफी संख्या में सदस्यों ने भाग लिया। समारोह के मुख्य अतिथि क्लब के प्रधान डा. चन्द्र गर्ग,सचिव रोटेरियन नरेश जैन, प्रोजेक्ट चेयरमैन सी.ए. सुशील जैन एवं सभी सदस्यों ने आश्रम में सभी परिवारों को खाद्य सामग्री भेंट की जिसमें 15 दिन का राशन का सामान था। वहां के हैड ने क्लब से आश्रम में 2 कमरों बनवाने के लिए अपील की। तभी सभी सदस्यों ने दो कमरों का सैट बनवा कर कोढ़ी आश्रम को भेंट करेंगे ताकि उनकी जरूरत पूरी हो सके। डा. चन्द्र गर्ग ने बताया क्लब के द्वारा समय समय पर स्वच्छ रक्तदान शिविर, गरीब लड़कियों की शादी करवाना, साईकिल, सिलाई मीशन देना, स्वास्थ्य जांच शिविर लगाना, गऊशालों में गऊओं को चारा व दवाई उपलभ करवाना, और जरूरतमंदों की सहायता करना आदि कार्य किये जाते हैं और यह क्लब का उद्देश्य है। आश्रम के संचालक ने रोटरी क्लब का धन्यवाद किया और आगे भविष्य में समय समय पर सहायता की उम्मीद की। इस अवसर पर राजीव बेरीवाल, भरत जैन, हरियाणा व्यापार मण्डर के मुख्य वक्ता समाज सेवक राजीव जैन, दीपक गुप्ता, श्रेय जैन व शहर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## जिला परिषद व ब्लॉक समिति सदस्य पद के लिए 9 को होगा मतदान : उपायुक्त

**सोनीपत/नफे सिंह**

जिला निर्वाचन अधिकारी (पं0) एवं उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं के छठे आम चुनाव के तहत बुधवार 09 नवंबर को जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्यों के लिए मतदान होगा। मतदान प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा जिला की सभी पोलिंग पार्टियों को चुनाव से संबंधित दिशा-निर्देश देते हुए चुनावी सामग्री देकर सुरक्षा व्यापक इंतजाम के बीच बूथों के लिए रवाना कर दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी (पं0) ने कहा कि 09 नवंबर को जिला परिषद व ब्लॉक समिति के लिए जिला के 975 मतदान केंद्रों पर प्रातः सात से सांय छः बजे तक मतदान होगा। उन्होंने कहा कि जिला परिषद के लिए जिला के 24 वार्डों में 161 तथा पंचायत समिति के लिए 706 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं, जिनके लिए जिला के 07 लाख 70 हजार 76 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे, जिनमें 04 लाख 18 हजार 730 पुरूष तथा 03 लाख 51 हजार 322 महिलाएं शामिल हैं।

# गांव अनजनथली में पंचायत चुनाव प्रचार जोरों पर

## सरपंच पद के लिए राजेश ठोक रहे ताल



अनजनथली में सरपंच पद के उम्मीदवार राजेश सेसा जानकारी देते हुए।

**नीलोखेड़ी/आहूजा** : मां अनजनी नाम से प्रसिद्ध गांव अनजनथली में सरपंच पद के लिए चुनावी सरगर्मियां जोरो पर हैं। करीब 2400 मतदताओं वाले इस गांव में सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाईट, चोपालौ का निर्माण जैसी समस्याओं भी है। इस गांव से सरपंच पद के लिए राजेश सेसा अपना भाग्य अजमा रहे है, व घर-घर जा उन्हें सर्मथन देने के लिए कह रहे है। बातचीत करते हुए 40 वर्षीय राजेश सेसा ने बताया कि अनजना देवी से प्रसिद्ध अनजनथली अभी भी कई मूलभूत समस्याओं से जूझ रहा है। पानी की निकासी, स्ट्रीट लाईट व बिरादरीयों की धर्मशाला न होना ऐसी समस्या है जिन्हें सुलझाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि वह बेशक वह पहली बार चुनावी समर में उतरे है लेकिन गाँव की समस्याओं को सुलझाने के लिए हमेशा सजग रहता हूं। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि मुझे गाँव वासी एक अवसर जरूर देगें।

# कैथल से चल श्री रैदास तख्त पर पहुंची श्री गुरु नानक देव जी की पालकी

**कलायत/रणबीर राणा** : कलायत में गुरु नानक देव जी प्रकाश उत्सव हर्ष उल्लास से मनाया गया। श्रद्धालुओं का काफिला मंगलवार की भोर में गुरु नानक देवी जी की रोशन पालकी को लेकर श्री रैदास तख्त कलायत में पहुंचा। श्री तख्त पर काफिले का जोरदार अभिनंदन किया गया। करीब 30 किलोमीटर सुदूर कैथल से आए इस जत्थे में बड़ी संख्या में बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे और युवा शामिल थे। ऐसा पहली बार था जब गुरु नानक देवी जी की जयंती पर जत्थे का आगमन एक खास अंदाज में श्री रैदास तख्त पर हुआ। उद्घोष और जयकारों के बीच नगर के लोगों ने पुष्प वर्षा से पालकी एवं तख्त के प्रति अपनी भावनाओं का इजहार किया। जत्थे के स्वागत में श्री रैदास तख्त महंत गुरुप्रसाद की रहनुमाई में श्री तख्त प्रबंध कमेटी की तरफ से रामकुमार धानियां, राजेश जेष्ठ, लखपत राय, मा.रमेश दहिया और दूसरे सदस्यों ने कहा कि संपूर्ण कलायत का अहो भाग्य है कि उन्हें पालकी के स्वागत का सु-अवसर मिला। श्री तख्त की तरफ से आए हुए श्रद्धालुओं के लिए जलपान के लंगर का आयोजन किया गया था। उपरांत कैथल से यहां पहुंचा जत्था भजन-कीर्तन के साथ अनाज मंडी स्थित श्री गुरूद्वारा साहब के लिए रवाना हुआ। सुबह से शुरू हुआ धार्मिक कार्यक्रमों का क्रम दिन भर चला। दोपहर के समय लंगर के आयोजन के दौरान भारी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं से गुरु नानक देव जी द्वारा दिखाई सतकर्म की राह पर चलने का आह्वान किया गया।



# श्री गुरु नानक देव जी का 554वां प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया

## संगत में खुशी का माहौल, पंगत में बैठ गुरु नानक नाम लेवा संगत ने छका लंगर

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद/दुग्गल**

पहले पातशाह साहिब श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 554वें प्रकाश पर्व पर लोकल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा समागम का आयोजन लोकल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा एतिहासिक गुरुद्वारा श्री मस्तगढ़ साहिब और गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब में प्रकाश पर्व पर विशेष दीवान सजाए गए। तख्त श्री दमदमा साहिब से आए हजूरी रागी प्रदीप सिंह एवं साथियों, इंटरनेशनल ढाडी जत्था हरदीप सिंह भलेवाल एंव साथियो, हजूरी रागी गुरुद्वारा मस्तगढ़ सिंह भाई लखविंदर सिंह एवं साथियों और हजूरी रागी गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब मनराज सिंह एवं साथियो ने संगत को गुरबाणी कीर्तन से निहाल किया। गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब के हेड ग्रन्थी ज्ञानी पतवंत सिंह ने गुरबाणी शब्द की व्याख्या करते हुए श्री गुरु नानक देव जी के जीवन पर प्रकाश डाला। भाई अवतार सिंह ने गुरु के समक्ष सरबत के भले हेतु अरदास की। समागम के दौरान गुरु का लंगर अटूट बरताया गया। इस मौके लोकल प्रबंधक कमेटी के प्रधान सुखवंत सिंह कलसानी, दविंदर सिंह, रविंदर सिंह, मंजीत सिंह, सुखबीर सिंह, हरजीत सिंह और बलदेव सिंह गाबा मौजूद रहे। उधर, गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार में विशेष दीवान सजाए गए। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार प्रबंधक कमेटी और शाहाबाद की संगत के सहयोग से सजाए गए इस समागम में इंटरनेशनल कथा वाचक ज्ञानी साहिब सिंह ने गुरबाणी अनुसार संगत का मार्गदर्शन किया।पानीपत से आए रागी जत्थे भाई हरकीरत सिंह एवं साथी, गुरुद्वारा साहिब जी के हजूरी रागी भाई अमरजीत सिंह और शरणजीत कौर एवं बीबियों ने शब्द कीर्तन कर संगत को निहाल किया। समागम की समाप्ति पर गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी भाई सुबेग सिंह ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के समक्ष सरबत के भले हेतु अरदास की। मंच का संचालन कुलवंत सिंह चावला और जे एस परवाना द्वारा किया गया। समागम में आई संगत ने गुरु का लंगर छका। इस मौके पर प्रबंधक कमेटी के प्रधान सुखचैन सिंह, नरिंदर सिंह सलैच, नरिंदर सिंह भिंडर, इंदरजीत सिंह कोहली, सुरिंदर पाल सिंह, मलकिन्द्र सिंह, दलजीत सिंह, मैनेजर हरदेव सिंह, जरनैल सिंह, मंजीत सिंह, मुख्त्यार सिंह, शरणदीप कौर, रणबीर सिंह, गुरजोत सिंह, बलजीत कौर तरलोचन सिंह हांडा, निर्मल सिंह विर्क, भगवंत सिंह, कंवलजीत सिंह, पलविंदर सिंह और बिट्टू कालड़ा के अलावा संगत मौजूद रही।

# प्रोपर्टी डीलर्स एवं एडवाइजर्स एसो. ने मुख्यमंत्री को सौंपा मांग पत्र

**रोहतक/सुकरमपाल** : प्रोपर्टी डीलर्स एवं एडवाइजर्स एसोसिएशन रोहतक के पदाधिकारी प्रधान एडवोकेट रमेश खुराना के नेतृत्व में स्थानीय कैनाल रेस्ट हाऊस में मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मिले तथा उन्हें रजिस्ट्रीयों के सम्बन्ध में आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए एक मांगपत्र सौंपा। प्रधान एडवोकेट रमेश खुराना ने मुख्यमंत्री से मांग की कि आवासीय एवं कमर्शियल छोटे प्लाटों के टुकडों की रजिस्ट्रीयां काफी समय से बंद हैं। जिससे लोगों द्वारा प्रोपर्टी लेन-देन में काफी समस्यायें आ रही हैं। इसी तरह से ब्लड रिलेशन की रजिस्ट्रीयों में भी यदि कोई पारिवारिक सदस्य अपने किसी एक भाई या बहन के नाम रजिस्ट्री करवाना चाहता है तो उसको टोकन इसलिए नहीं मिलता क्योंकि यह प्रोपर्टी का पार्ट हो जाता है। इसलिए पारिवारिक ब्लड रिलेशन की रजिस्ट्रीयां भी नहीं हो पाती। रमेश खुराना ने बताया कि कई पुरानी कॉलोनियों में सरकार द्वारा प्लॉटिंग की गई है और बेचे गये हैं उनके इंतकाल व जमाबंदी के रिकार्ड भी हरियाणा सरकार के खाते में दर्शाते हैं। जोकि रजिस्ट्री के समय परेशानी का कारण बनते हैं और रजिस्ट्री नहीं होती। नगर निगम के अंदर यूएलबी की प्रक्रिया भी काफी कठिन है और सॉफ्टवेयर बार-बार करप्ट हो जाते हैं। जिससे निर्धारित समय के अंदर यूएलबी नहीं बन पाती व अगर कोई व्यक्ति बाहर से आता है तो वह बिना रजिस्ट्री करवाये ही उसे वापस जाना पड़ता है। यह भी जनता के लिए एक परेशानी का कारण बना हुआ है।

ICICI Home Finance

**कॉर्पोरेट कार्यालय:** आईसीआईसीआई आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, इंडिया

**शाखा कार्यालय:** एससीओ 154, प्रथम मंजिल, रेड स्क्वायर मार्केट, यूई-1, नजदीक टेलीफोन एक्सचेंज, हिसार-125001

**( नियम 8 ( 6 ) का परंतुक देखें )**

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतू सूचना**

सुरक्षाहित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 (6) की शर्तों के साथ सुरक्षाहित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और प्रतिभूतिकरण और वित्तीय सम्पत्तियों के विनिर्माण के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री की सूचना।

एतद् द्वारा सार्वजनिक सूचना हेतू और ऋणदाता(ों) और ग्रांटर(ों) के विवरणों में सूचित किया जाता है कि निम्न निर्धारित अचल सम्पत्ति बंधक/चार्जड सिक्योरड क्रैडिटर, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा **भौतिक कब्जा** 'जैसे है जहां है', 'जैसे है क्या है' और 'जो भी है वहां है' के आधार पर निम्न के अन्तर्गत दिए संक्षिप्त विवरणों अनुसार बिक्री की जाएगी।

| क्र. सं. | ऋणदाता (ों)/सह ऋणदाताओं/ ग्रांटरों/कानूनी वारिसों के नाम ऋण खाता नं. | सुरक्षित सम्पत्ति(ों) के साथ ऋणभार का विवरण यदि कोई हो | बकाया राशि | आरक्षित कीमत / जमा धरोहर राशि | जांची गई सम्पत्ति की तिथि एवं समय | निलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) |
| 1. | राकेश कुमार (ऋणदाता) कविता रानी (सह-ऋणदाता) ऋण खाता नं. NHJND00000832626 | खेवट नं. 85 मुरबा नं. 150 किल्ला नं. 15/1 वाका रकबा मौजा राम कालोनी जींद हरियाणा-126102 | रु. 32,97,330/- 04 नवंबर 2022 | रु. 13,25,520/- / रु. 1,32,552/- | 21 नवंबर, 2022 को प्रातः 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक | 23 नवंबर 2022 को सायं 02:00 बजे से सायं 3.00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ऑक्शन टाइगर की वेबसाइट ( **यूआरएल लिंक- https://sarfaesi.auctiontiger.net/EPROC/**) पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वालों को नोटिस **22 नवंबर, 2022 तक सायं 5.00 बजे** से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल देय राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।

संभावित बोलीदाताओं को **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, एससीओ 154, प्रथम मंजिल, रेड स्क्वायर मार्केट, यूई-1, नजदीक टेलीफोन एक्सचेंज, हिसार-125001** में बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/ डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) **22 नवंबर 2022 सायं 4:00 बजे** से पहले जमा करना होगा। कृपया ध्यान दें, यदि संभावित बोलीदाता उपर्युक्त समय के अनुसार अपना प्रस्ताव जमा करने में असमर्थ हैं तो निविदा दस्तावेजों की हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, एससीओ 154, प्रथम मंजिल, रेड स्क्वायर मार्केट, यूई-1, नजदीक टेलीफोन एक्सचेंज, हिसार-125001** में **22 नवंबर, 2022 को सायं 05.00 बजे से** पहले जमा की जा सकती है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) एक राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से '**आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी**' के पक्ष में **जींद** में देय होना चाहिए।

निविदाओं के भेजने या नीलामी की नियमों और शर्तों की जांच के संबंध में किसी अगले स्पष्टीकरण के लिए कृप्या **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड** या **7021072869** पर संपर्क कर सकते हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें **https://www.icicihfc.com/**

तिथि: नवंबर 09, 2022
स्थान: जींद

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड